卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 180 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦10 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## द्वितीय नवरात्र




नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रम्हचारिणी स्वरूप की पूजा की जाती है। मां के इस दिव्य स्वरूप का ध्यान हमारे जीवन को नैतिक व चारित्रक बल प्रदान करता है।

# नाबालिग भाई बहन ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

### मामूली बात को लेकर घर वालों से हुए थे नाराज, परिजनों में मचा कोहराम, घटना से हर कोई हैरान

हरिद्वार (उद संवाददाता)। नाबालिग भाई–बहन ने सन्दिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि किसी बात को लेकर परिवार से नाराज होकर दोनों घर से निकल गए और ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।घटना से परिवार में कोहराम मच गया। साथ ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना को लेकर हर कोई हैरान है।पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया हैं। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार की रात करीब 11 बजे की है। पुलिस को सूचना मिली कि लालपुल रेलवे पटरी पर ट्रेन से टकराकर एक लड़का और लड़की की मौत हो गई है। शव पटरी के पास पड़े हैं। सूचना पाकर एसएसआई राजेश बिष्ट, एसआई प्रदीप कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ की



टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों को बुलाकर शिनाख्त के प्रयास किए , जिस पर साकिब और साजिद पुत्र फारुक निवासी मोहल्ला बाबर कॉलोनी पांवधोई ज्वालापुर ने मृतक की शिनाख्त 16 वर्षीय भाई समीर और 14 वर्षीरू बहन अलीसवा के रूप में की। दोनों भाइयों ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की रात दोनों भाई बहन मामूली बात पर घर से नाराज होकर निकल गए थे। इसके बाद उनका कुछ पता नहीं चला। थोड़ी देर बाद घटना की जानकारी मिली। पुलिस की मानें तो मृतक भाई–बहन के के पिता ट्रक चालक है और घटना के वक्त वह शहर से बाहर थे। नाबालिग भाई बहन के आत्महत्या करने से परिवार और आसपास के लोगों में कोहराम मचा हुआ है। हर कोई इस घटना को लेकर हैरान है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह तंवर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएंगा।

# कार से 2.39 लाख की नगदी बरामद

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में धनबल के प्रयोग को रोकने के लिए के लिए एसएसटी –एफएसटी और पुलिस टीमें पूरी मुस्तैदी से आने जाने वालों की चैकिंग कर रही हैं ताकि चुनाव में धन बल के प्रयोग का रोका जा सके। एसएसपी पीएन मीणा के नेतृत्व में जिला पुलिस लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, सकुशल, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आदर्श आचार संहिता लागू होने से साथ ही थाना स्तर पर गठित पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों, जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों की सतर्कता एंव गहनता से सघन चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में लालकुआं के प्रभारी निरीक्षक डीसी फर्त्याल के नेतृत्व में एसएसटी–एफएसटी और पुलिस टीम ने सुभाषनगर बैरियर पर वाहन स्वामी दिव्यांश चावला पुत्र ओम कुमार चावला निवासी राजेंद्र नगर थाना प्रेम नगर जनपद बरेली उत्तर प्रदेश के पास से 2 लाख 39 हजार रुपए बरामद की है। वाहन स्वामी दिव्यांश चावला उक्त धनराशि के सम्बन्ध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए जिस कारण से बरामद धनराशि जब्त कर धनराशि जिला (शेष पृष्ठ सात पर)

## बीस पेटी शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

भीमताल। लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए एसएसपी पीएन मीणा ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध कडी कार्यवाही करने के निर्देश के क्रम में थानाध्यक्ष भीमताल जगदीप नेगी के नेतृत्व में पुलिस ने चौकिंग के दौरान चन्दा देवी मन्दिर के पास एक व्यक्ति को शराब तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। उसके पास से 20 पेटी देशी शराब बरामद हुई है। पकड़ा गया राम बहादुर पुत्र बुदे परिहार भीमताल का रहने वाला है।

# श्रीनगर में आतंकी हमले में रुद्रपुर का युवक गंभीर

### पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का करीबी है घायल टैक्सी चालक दिलरंजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जम्मू कश्मीर के शोपियां में एक रेस्टोरेंट के बाहर हुए आतंकी हमले में रूद्रपुर का युवक घायल हो गया। उसे दो गोली लगने के बाद श्रीनगर के आर्मी के हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। आतंकी हमले में घायल हुआ युवक पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का करीबी है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों के साथ ही घायल युवक से भी फोन पर बात की।



जानकारी के मुताबिक रूद्रपुर के कीरतपुर का निवासी 42 वर्षीय दिलरंजन सिंह टैक्सी चलाता हैं। सोमवार को वह दिल्ली से विदेशी पर्यटकों को लेकर श्रीनगर गया था। जहां शाम को शोपियां में टूरिस्ट खाना खाने के लिए एक रेस्टोरेंट में रूके थे जबकि दिलरंजन रेस्टोरेंट के बाहर टैक्सी लेकर खड़ा था। इसी बीच आतंकियों ने यहां पर गोलीबारी कर दी। ताबड़तोड़ गोलियां चलाने के बाद आतंकी फरार हो गये। सूचना पर सुरक्षा बलों ने आतंकियों की तलाश में चेकिंग अभियान चलाया लेकिन वह हाथ नहीं आये। आतंकियों की गोली से दिलरंजन गंभीर रूप से घायल हो गया। (शेष पृष्ठ सात पर)

# माइनिंग कर्मचारियों से फिर हुई खनन कारोबारियों की भिड़ंत

बाजपुर। दोराहा पर खनन से भरे ओवरलोड डम्पर लगातार नियमों की धज्जियाँ उड़ाते नजर आ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों पूर्व भी खनन कारोवारियो और माइनिंग चेक



पोस्ट कर्मचारियों के बीच वाहनों की चेकिंग को लेकर जमकर गोलियाँ चली थी। उसके बाद कुछ दिनों के लिए प्रशासन ने सख्ती दिखाई थी लेकिन उसके बाद फिर से वही माहौल बन गया है। यूपी उत्तराखंड बॉर्डर पर दोराहा (शेष पृष्ठ सात पर)

# आखिर किस रसूखदार सफेदपोश ने रची बाबा तरसेम की हत्या की साजिश!

■ अनिल सागर

नानकमत्ता। कारसेवा बाबा तरसेम सिंह की किसके साथ अदावत थी कि इतनी बड़ी साजिश कर सुपारी देकर शार्प



शूटर की उनकी डेरे में घुसकर हत्या करा डाली। एक शार्प शूटर के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद ये सवाल अब भी बना हुआ है कि आखिर ऐसा कौन रसूखदार सफेदपोश है, जिसके गिरेवान तक पुलिस अभी तक नही पहुंची है। कारसेवा बाबा तरसेम सिंह हत्या करने वाले एक शूटर अमरजीत सिंह को कल एसटीएफ व हरिद्वार पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। रूड़की में हुए एनकाउंटर के बाद उत्तराखण्ड पुलिस का 15 वर्ष का बनवास भी खत्म हो गया था। लेकिन शार्प शूटर के एनकाउंटर के बाद सबसे बड़ा सवाल अब भी लोगों के दिलो दिमाग में घूम रहा है कि इतने बड़े ओहदे पर बैठे बाबा तरसेम सिंह की किसके साथ अदावत थी कि जो उनकी हत्या कराने की साजिश कर उनकी जान का सौदा कर बैठा। शार्प (शेष पृष्ठ सात पर)

## यूएस नगर पुलिस हाथ मलती रह गई

नानकमत्ता। बाबा के शार्प शूटर का एनकाउंटर कर हरिद्वार पुलिस व एसटीएफ ने बाजी मारकर ऊधम सिंह नगर पुलिस को निराश कर दिया। हरिद्वारा पुलिस के सामने ऊधम सिंह नगर पुलिस हाथ मलती रह गई। पुलिस अधिकारियों के चेहरे पर इसकी झलक साफ दिखाई है। ऊधम सिंह नगर को इस बात का खासा मलाल है कि बाजी उनके हाथ से निकल गई।

## भेष बदलकर पुलिस को नही दे पाए चकमा

नानकमत्ता। शार्प शूटर अमरजीत सिंह ने पुलिस को चकमा देने के लिए भेष तो बदल लिया लेकिन वह उत्तराखण्ड पुलिस के रडार पर आ ही गया। पुलिस को पता था कि शूटर अपना भेष बदल सकते है, इसलिए पुलिस ने बकायदा एक्सपर्ट से दाड़ी में बिना दाड़ी में शार्प शूटर के बकायदा स्कैच तैयार कर अपनी तैयारी की थी। पुलिस के सामने भेष बदलने की सबसे बड़ी चुनौती थी।

# आचार संहिता का लाभ उठा सीलिंग-भूमि पर खड़े किए जा रहे 'अवैध भवन'

### नैनीताल हाई कोर्ट के यथा स्थिति आदेश का पालन करने के बावजूद फाजलपुर महरौला की सीलिंग भूमि पर बेरोकटोक जारी है अवैध निर्माण, आचार संहिता के दौरान अवैध निर्माण में आई तेजी

■ अर्श

स्थानीय फाजलपुर महरौला स्थित सीलिंग की जमीन को खुर्दबुर्द करने एवं उसके स्वरूप में परिवर्तन करने का सिलसिला, नैनीताल उच्च न्यायालय के यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश के बावजूद बदस्तूर जारी है, और जिला प्रशासन की चुनाव व्यस्था में व्यस्तता के कारण अवैध निर्माण करने वाले भरपूर फायदा उठा रहे हैं और सीलिंग की जमीन पर धड़ाधड़ अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। खास बात तो यह है कि प्रस्तावित आम चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद सीलिंग भूमि पर अवैध निर्माण के सिलसिले में भारी तेजी आई है। हालात कुछ ऐसे हैं कि अधिसूचना जारी होने के महज एक पखवाड़े के भीतर ही फाजलपुर महरौला स्थित सीलिंग की जमीन पर अनेक अवैध बिल्डिंग खड़ी की जा चुकी हैं और अन्य कई स्थानों पर निर्माण कार्य तेजी से जारी है। सीलिंग भूमि पर जारी अवैध निर्माण की तेजी का जीता जागता नमूना फाजलपुर महरौला स्थित जीनियस पब्लिक स्कूल के ठीक पीछे वाली गली में स्पष्ट देखा जा सकता है।जहां, आम चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद आरंभ किए गए अवैध निर्माण में ,चंद दिनों के भीतर ही भूतल का निर्माण कर उस पर लेंटर डाला जा चुका है और अब प्रथम तल पर लेंटर डाले जाने की तैयारी है। जाहिर है कि जिला प्रशासन के राजस्व विभाग अथवा जिला विकास प्राधिकरण के





दायित्व अधिकारियों ने अगर समय रहते कोई कार्रवाई न की, तो इस तरह के और भी कई अवैध निर्माण आचार संहिता की समयावधि के भीतर ही कर लिए जाएंगे ,क्योंकि अवैध निर्माण करने वाले ऐसे ही मौकों की तलाश में रहते हैं। आमतौर पर अवैध निर्माण के लिए वह समय सबसे मुफीद होता है जब प्रशासन किन्ही महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त हो और साधारणतया उसके हरकत में आने की संभावना लगभग ना के बराबर हो। लिहाजा मौका भी है और दस्तूर भी है अर्थात लोकसभा चुनाव की आचार संहिता जारी होने के बाद जिला प्रशासन चुनाव की तैयारियों में व्यस्त है और आम चुनाव के चलते किसी सख्त प्रशासनिक कार्यवाही की संभावना भी नहीं है। सो, इस मौके का भरपूर फायदा उठाया जा रहा है। बताना होगा कि प्रशासन की ऐसी ही व्यस्तता और परंपरागत निष्क्रियता के चलते फाजलपुर महरौला की सीलिंग भूमि पर गुजरे वर्षों में कई अवैध कालोनियां काट दी गई और इन कालोनियों में हुई बसावट के परिणाम स्वरूप इस क्षेत्र में डेमोग्राफी चेंज की समस्या भी गहरा उठी। यहां पर इस तथ्य का जिक्र करना आवश्यक होगा कि डेमोग्राफी(शेष पृष्ठ सात पर)

# हत्याकांड के षडयंत्रकारियों का होगा पर्दाफाश : डीजीपी

## डीजीपी अभिनव कुमार ने दी ईनामी शूटर के एनकाउंटर की पूरी जानकारी बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड केस में अब तक सात लोगों को किया गिरफ्तार

देहरादून (उद संवाददाता)। हरिद्वार के भगवानपुर इलाके में सोमवार देर रात पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में नानकमत्ता डेरा प्रमुख तरसेम सिंह की हत्या करने वाले दो आरोपियों के साथ मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक आरोपी अमरजीत की एनकाउंटर में मौत हो गई, जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया। उत्तराखंड के डीजीपी ने मंगलवार को इस एनकाउंटर



की पूरी जानकारी दी। डीजीपी अभिनव कुमार ने कोर्ट रोड स्थित सरदार पटेल भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को बताया कि उत्तराखंड पुलिस अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के तत्पर रही है। उत्तराखंड को अब बदमाशों की शरणस्थली नहीं बनने दिया जायेगा। उन्होंने मीडिया से वार्ता के दौरान बताया कि सोमवार देर रात्रि





एसटीएफ टीम ने एसएसपी हरिद्वार को उधम सिंह नगर के नानकमत्ता गुरुद्वारा के बाबा तरसेम सिंह की हत्या में वांछित इनामी बदमाशों के सहारनपुर से हरिद्वार के भगवानपुर कलियर होकर उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जाने की गुप्त सूचना दी। इस पर पूरे हरिद्वार जनपद में जगह-जगह एसटीएफ टीमों के साथ संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इसी दौरान रात लगभग 12:30 बजे मुखबिर की सूचना पर थाना भगवानपुर क्षेत्रांतर्गत गागलहेडी तिराहे के चेकिंग पॉइंट पर मोटरसाइकिल से आ रहे दो संदिग्ध बदमाशों को पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो दोनों बदमाश नहीं रुके और पुलिस टीम से बचते हुए तेजी से भगवानपुर से इमलीखेड़ा-कलियर की तरफ भागे, जिस पर कलियर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मार्ग में रोकने पर छंगा माजरी तिराहे से छंगा माजरी गांव की ओर मुड़ गए। जहां कुछ दूरी पर पुलिस टीमों ने इन दोनों बदमाशों को घेर लिया। पुलिस से घिर जाने पर इन बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर किया, जिस पर पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी, जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया, जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी है। डीजीपी ने बताश कि घायल बदमाश को तुरंत रुड़की सिविल अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसटीएफ टीम द्वारा तस्दीक किए जाने पर मृतक का नाम अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र सुरेंद्र सिंह पता फतेहगढ़ चूड़ियां रोड नगलीभट्टा अमृतसर, पंजाब है जो 100000 रुपये का इनामी था और उधमसिंह नगर के नानकमत्ता गुरुद्वारे के बाबा तरसेम सिंह की हत्या में वांछित था। अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू की उम्र लगभग 48 वर्ष थी। पुलिस को इसके पास से 32 बोर की एक पिस्टल, जिंदा कारतूस 3, खोखा कारतूस 3 के साथ घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। डीजीपी ने कहा कि बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कुछ के खिलाफ जांच चल रही है। उन्हें मारने के लिए बदमाश सुपारी देकर बुलाए गए थे। बाबा की हत्या के पीछे जमीन का लेनदेन होने की बात सामने आई थी, लेकिन असल वजह कुछ और भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि पंजाब में लंबे समय से ड्रग्स माफिया, कबूतरबाजी करने वाले लोग और वित्तीय अपराध से जुड़े लोगों के गिरोह चल रहे हैं। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है कि उनकी हत्या इनमें से किसी गिरोह का काम हो। हालांकि, अभी पुलिस की जांच पूरी नहीं हुई है। जांच पूरी होने के बाद ही डीजीपी ने कुछ ठोस जानकारी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि तमाम ऐसे पहलू हैं जिन पर पुलिस काम कर रही है जल्द ही बड़ा खुलासा किया जाएगा। इस मामले में डीजीपी ने किसी के नाम का खुलासा नहीं किया। लेकिन कहा कि इसके पीछे किसी बड़े आदमी का हाथ हो सकता है। उसकी बाबा से अदावत हो सकती है या फिर कोई और वजह। इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि असल साजिशकर्ताओं के नामों का खुलासा भी जल्द किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तराखंड के डीजीपी के साथ अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) ए पी अंशुमान, पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे, गढ़वाल परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक करण सिंह नगन्याल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसटीएफ) आयुष अग्रवाल मौजूद रहे।

# नैनीताल पहुंचे मृतकों के परिजन

हल्द्वानी। क्षेत्र के मल्ला गांव ऊंचाकोट मोटर मार्ग पर सोमवार की रात एक पिकअप के गहरी खाई में गिरने से चालक और सात नेपाली मजदूरों की मौत हो गई थी। हादसे में दो मजदूर घायल हो गए थे। जिनका इलाज हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद मृतकों का शव लेने नैनीताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मंगलवार को सुबह 11 बजे एडीएम शिव चरण द्विवेदी घायलों का हाल चाल जानने एसटीएच पहुंचे। जहां डाक्टरों ने बताया कि दोनों घायल मूल रूप से नेपाल के रहने वाले हैं जिसमें दशरथ आयु 26 के सिर में और कमर में चोट आई है। दूसरी घायल लाली आयु 32 के हाथ और रीढ़ की हड्डी में चोट है। दोनों की स्थिति समान्य है तथा दोनों घायलों का न्यूरो सर्जरी के जे बी वार्ड में इलाज चल रहा है। एडीएम ने घायलों को बेहतर उपचार देने के साथ ही कहा की आवश्यकता नुसार घायलों के बेहतर ईलाज के लिए हर संभव



प्रयास किए जाएंगे। थानाध्यक्ष अनीस अहमद ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे मल्ला गांव ऊंचाकोट में पिकअप यूके04सीसी0495 में सवार होकर दस नेपाली मजदूर पेयजल लाइन बिछाने का काम पूरा कर हल्द्वानी लौट रहे थे। थोड़ा आगे गए ही थे कि वाहन अनियंत्रित होकर 200 फिट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में वाहन चालक राजेंद्र कुमार (42) पुत्र हरिराम ओडाबासकोट बेतालघाट के अलावा नेपाल के तहसील बाजतारी के नेपालगंज फतेहपुर के रहने वाले विशन राम चौधरी (50), धीरज (45), अनंत राम चौधरी (40), विनोद चौधरी (35), उदय राम चौधरी (55), त्रिलोक चौधरी (45) और गोपाल वसुनिया (60) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल दशरथ बहादुर (26) और लाली (32) को बेतालघाट सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया।

# सुल्तान के घर पर रहा था शार्प शूटर अमरजीत

नानकमत्ता। नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या के षड्यंत्र में गिरफ्तार परगट सिंह और दिलबाग सिंह बाबा के खिलाफ आंदोलन को लेकर हुई बैठक में शामिल होने रुद्रपुर आए थे। सोमवार को सीओ सितारगंज बहादुर सिंह चौहान ने ट्रांजिट कैंप थानाध्यक्ष के साथ बैठक स्थल के सीसीटीवी चेक किए। कुछ लोगों से पूछताछ भी की। डेरा प्रमुख तरसेम सिंह हत्याकांड के शार्प शूटरों की मदद करने और संसाधन उपलब्ध कराने के आरोप में पुलिस अब तक सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस जांच में पता चला कि पीलीभीत निवासी परगट सिंह और शाहजहांपुर निवासी दिलबाग सिंह बीते पांच मार्च 2024 को बाबा तरसेम सिंह के विरोध में हुई बैठक में शामिल होने के लिए रुद्रपुर आए थे।सूत्रों के अनुसार, उनके साथ शाहजहांपुर से तीन और लोग भी



पहुंचे थे जिसकी जांच को लेकर सीओ सितारगंज और ट्रांजिट कैंप थानाध्यक्ष टीम के साथ बैठक स्थल पर पहुंचे। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली। पुलिस टीम ने बैठक में शामिल होने के लिए बाहरी राज्यों से लोगों के बारे में जानकारी जुटाई। हत्याकांड में सुल्तान सिंह का नाम सामने आया है लेकिन सुल्तान अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। सूत्रों के अनुसार, सुल्तान के घर पर शार्प शूटर अमरजीत सिंह एक से डेढ़ महीने तक रहा था। सुल्तान सिंह ने ही अमरजीत के पैर का इलाज कराया था। सुल्तान सिंह की खेती-बाड़ी शाहजहांपुर के पुवाया में हैं। सुल्तान सिंह को बाबा तरसेम हत्याकांड में नामजद एक आरोपी का करीब बताया जा रहा है।

# लापता छात्र का शव शीतला देवी मंदिर के पास गधेरे में मिला, हत्या की आशंका

## भाष्कर के परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर लगाया खोजबीन में लापरवाही बरतने का आरोप,51 दिन बाद जंगल में घास काटने गई महिला ने देखा शव

नैनीताल। काठगोदाम क्षेत्र से 51 दिन पहले लापता हुए छात्र का सड़ा गला शव शीतला देवी मंदिर के पास गधेरे से बरामद हुआ है। छात्र स्कूल की ड्रेस पहने पड़ा था। स्वजनों ने छात्र की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस की जांच



पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगा कि छात्र की मौत कब और कैसे हुई थी। मूलरूप से ग्राम पोखरी, पुटगांव, तहसील धारी निवासी सुभाष चंद्र दुम्का का बेटा भाष्कर (15) शिवपुरी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में अपने फूफा मोहन सनवाल के घर पर रहता था। भाष्कर आवास विकास में स्थित एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा नवीं का छात्र था। 17 फरवरी को वह घर से स्कूल के लिए निकला था लेकिन तब से घर नहीं लौटा। देर शाम तक परिवारजन उनकी तलाश करते रहे। इसके बाद काठगोदाम थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस जांच में छात्र अंतिम बार शीतला मंदिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिखाई दिया। 51 दिन बाद सोमवार को जंगल में घास काटने गई महिला ने गधेरे में किशोर का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी । पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मोर्चरी लाई। परिजन ने शव की शिनाख्त भाष्कर के रूप में की। भाष्कर के ताऊ चंद्र दत्त दुम्का व चाचा विवेक दुम्का का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरती। लापता बालक को ढूंढने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। आरोप लगाया कि पुलिस ने भाष्कर को खोज रहे दमुवाढूंगा चौकी इंचार्ज को जांच टीम से हटा दिया था। दो सिपाही के भरोसे हमारे बच्चे की तलाश की जा रही थी। उन्होंने छात्र के साथ अंतिम बार दिखे दो बच्चों पर हत्या का शक जताया है। साथ ही बच्चों के परिजन पर धमकाने का आरोप लगाया है। सोमवार दोपहर दो बजे भाष्कर का शव बरामद हो गया था। पुलिस शव को रात आठ बजे मोर्चरी लेकर पहुंची। मंगलवार सुबह सात बजे भाष्कर के परिवारजन व रिश्तेदार मोर्चरी पहुंच गए थे। उधर पुलिस ने दोपहर 12:30 बजे तक पंचनामा नहीं भरा था। दोपहर पौने एक बजे सिपाही पंचनामा लेकर पहुंचा। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम शुरू हुआ। परिजनों का कहना था कि उन्होंने 20 किलोमीटर दूर जाना है। शव देने में काफी देर की गई। भाष्कर के लापता होने के बाद उसके स्वजन रुद्रपुर, हल्द्वानी से लेकर अल्मोड़ा तक तलाश करते रहे। चाचा विवेक दुम्का का कहना है कि इस मामले की शिकायत सीएम पोर्टल पर की गई। कमिश्नर दीपक रावत से भी मिले। कहा कि प्रशासनिक अमला और पुलिस उनकी मदद करती तो उनका बेटा जिंदा होता। 51 दिन बाद लापता छात्र का शव मिला है। परिजन सवाल उठा रहे हैं कि जहां पुलिस बता रही है, वहां वह क्या अकेले गया था। 51 दिन पानी में रहने के बाद भी शव इस हालत में कैसे था। मोर्चरी में पहुंचे परिजन का कहना था कि शव 20 दिन पुराना हो सकता है। पुलिस चाहती तो भाष्कर को सकुशल बरामद किया जा सकता था। भाष्कर अपने घर का इकलौता बेटा था। उसकी दो छोटी बहने हैं। अच्छी पढ़ाई कराने का सपना देखकर माता-पिता ने बेटे को पढ़ने के लिए हल्द्वानी भेज दिया था। माता-पिता का कहना है कि उन्हें ऐसा पता होता तो वह उसे हल्द्वानी पढ़ने ही नहीं भेजते।

# अग्निकांड के बाद फिर अपनी दुकाने लगाने में जुटे दुकानदार

रामनगर। गर्जिया मंदिर परिसर में 35 दुकानें भीषण आग में राख हो गई थीं। जिससे दुकानदारों को करीब 20 से 22 लाख का नुकसान झेलना पड़ा था। मंगलवार को एक बार फिर दुकानदार दुकान लगाने में जुट गए और कारोबार करने लगे।गर्जिया मंदिर परिसर में प्रसाद, पानी की बोतलें सहित अन्य सामान की दुकानों में सोमवार की दोपहर को आग लग गई थी। आग से करीब 35 दुकानें जलकर राख हो गई थीं। मंगलवार को पहला नवरात्र होने के चलते सुबह से ही अग्निपीड़ित दुकानदारों ने अपनी दुकान लगानी शुरू कर दी थी। घटनास्थल पर पीड़ित दुकानदार छप्पर बना रहे थे। दुकानदारों ने बताया कि घटना को 24 घंटे बीतने के बाद भी सरकार और प्रशासन ने उनकी मदद नहीं की। चैत्र नवरात्र के पहले नवरात्र पर गर्जिया मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर परिसर में आग लगने की जानकारी होने के बाद मुरादाबाद, संभल, काशीपुर, रामपुर, बाजपुर और हल्द्वानी से श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। मंदिर के मुख्य पुजारी मनोज पांडेय ने बताया कि दुकानों में आग लगने की वजह से श्रद्धालुओं की संख्या कम रही। रामनगर के एसडीएम राहुल शाह ने मंदिर परिसर में दुकान लगाने वालों को हिदायत दी कि वह मंदिर के पास दुकान न लगाएं। सभी दुकानदार अपनी दुकान पर फायर उपकरण जरूर रखेंगे। प्रशासन की ओर से सर्वे किया जा रहा है, जिन लोगों का नुकसान हुआ है उनको राहत दी जाएगी। ऐसे में दुकानदार मंदिर परिसर से 100 मीटर दूर दुकान लगाने पर तैयार हो गए।



# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ





शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ग्राम सभा तिलियापुर के आनंद नगर में स्थित मां भगवती मंदिर में समस्त आनंदनगर के ग्रामीणों के सहयोग से भव्य कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय संगीत मय भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। बुधवार को ग्राम सभा तीलियापुर के गांव आनंद नगर में स्थित मां भगवती मंदिर परिसर से 151 कलश के साथ कुमांऊनी पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित महिलाएं कलश यात्रा में सम्मिलित हुई। कलश यात्रा पूरे गांव भ्रमण के पश्चात कलश में पवित्र जल भरकर पुन: कलश को भागवत स्थल पर स्थापित किया गया। इससे पूर्व पंडित भास्कर पांडे ने पूर्ण विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया। इस दौरान आयोजित भागवत कथा में पंडित भास्कर पांडे ने अपने श्रीमुख से कहा कि, भागवत कथा सुनने से सभी कष्ट दूर होते है और मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि नवरात्र के पावन अवसर पर भागवत कथा श्रवण से कई गुणा पुण्य का लाभ मिलता है। नवरात्र पूजन मे प्रथम दिन शैलपुत्री इन्ही की पूजा और उपासना की जाती है।इस दिन योगी अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थित कर साधना करते हैं।उन्होंने कहा कि भक्त पूजा के समय लाल और गुलाबी रंग के वस्त्र धारण करे। मां शैल पुत्री का लाल रंग बहुत प्रिय है।इन्हे लाल रंग की चुनरी नारियल और मीठा पान भेट करे।शैल पुत्री के पूजन से संतान वृद्धि और धन ऐश्वर्य की शीघ्र प्राप्ति होती है। मां सर्व फुलदायी है।उन्होंने मानव जीवन में भागवत कथा श्रवण को नितांत आवश्यक बताया। कलश यात्रा में ग्राम प्रधान निमिषा डसीला,जीवन सिंह, पूरन डसीला, राजेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, सुरेंद्र सिंह, हरीश सिंह, चंदन सिंह, नंदन सिंह, राम सिंह बिष्ट, कुंदन कुंजवाल, गंगा सिंह, प्रकाश सिंह ,शोभा, तारा देवी, पूनम, मंजू, हिमानी, हेमा, जानकी,कमला देवी, कविता,तारा ,सुनीता,दीपा,सोनी, भवानी देवी ,कलावती देवी,आदि शामिल थे।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभव:-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169158

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।


# जंगल से पानी की तलाश में पहुंचे तीन भालू



जसपुर। उत्तराखंड में तापमान बढ़ने पर जंगली जानवर वन विभाग की ओर से बनाए गए कृत्रिम जलाशयों में प्यास बुझाने के लिए आ रहे हैं। वहीं कई वन्यजीव पानी की तलाश में आबादी की ओर आ रहे हैं। सोमवार को तीन भालू पानी की तलाश में आबादी तक पहुंच गए जिससे ग्रामीणों में दहशत है।अमानगढ़ टाइगर रिजर्व रेंज में वन्यजीवों के लिए 25 कृत्रिम तालाब बनाए गए हैं। इनमें टैंकर से पानी भरा जाता है। शनिवार को रेंज में तीन भालू पानी की तलाश में तालाब के पास दिखाई दिए। प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष ब्रह्मानंद लाहोरी ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही भालू, हाथी, बाघ, तेंदुआ आदि पानी की तलाश में आबादी की ओर आ रहे हैं। इससे ग्रामीणों में दहशत है।


माता की चौकी

पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में समाजसेवी दीपक शर्मा के परिवार की ओर से द्वितीय माता की चौकी का आयोजन

दिनांक 10 अप्रैल 2024, दिन बुधवार शाम 7.30 बजे से
स्थान- श्री नीलकंठ धाम शैलजा कालोनी, रूद्रपुर

निवेदक-श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबिल ट्रस्ट ,रूद्रपुर


# जिला निर्वाचन अधिकारी ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने आपदा प्रबंधन कार्यालय में स्थापित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जिसमें जिलाधिकारी ने टोल फ्री नं. 1950 पर प्राप्त शिकायतों का विवरण से संबंधित रजिस्टर की जांच की जिसमे वर्तमान तक 954 शिकायतों का निस्तारण कर लिया गया है उक्त के अतिरिक्त वोटर हेल्पलाइन एनजीएसपी पोर्टल पर



प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई। जिसमें 1022 शिकायतों के सापेक्ष 1015 शिकायतें निस्तारित पाई गई तथा 07 शिकायत पर कार्रवाई गतिमान पाई गई। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी एवं समस्त कंट्रोल रूम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# मतदान करना हमारा अधिकार व पुनीत कर्तव्यः हरि चैतन्यपुरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा आश्रम कामां में आयोजित सत्संग समारोह में उपस्थित बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य महाप्रभु ने अपने दिव्य प्रवचन के अलावा जागरूकता पैदा करते हुए कहा कि मतदान करना हम सभी का अधिकार व पुनीत कर्तव्य है। हम सभी को अपने इस अधिकार व कर्तव्य का पालन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारतवर्ष में मतदान दिवस हमारे इस महान लोकतंत्र का एक महापर्व है । राष्ट्र निर्माण व अपने-अपने क्षेत्र के चँहुमुखी विकास व समस्याओं के निराकरण के लिए हम सभी मतदान करके एक सुयोग्य प्रत्याशी को चुनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। यहां तक कि शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित होना चाहिए। कुछ ऐसी व्यवस्था भी हो कि जो किसी विशेष



मजबूरी के अलावा मतदान नहीं करते हैं तो कुछ आर्थिक दण्ड का भी विधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान किसी भी लालच, भय या दबाव या संकीर्णताओं के दायरे में फंसकर नहीं करना चाहिए। उन्होंने आवाहन किया कि समय से पहुंचकर सभी मतदान अवश्य करें। गौरवशाली इतिहास रखने वाले हमारे प्यारे देश का निरंतर विकास हो। राष्ट्र निर्माण व भारत को विश्व की महान शक्ति बनाने की ओर हमारा भी महत्वपूर्ण योगदान हो। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने महापुरुषों, तीर्थों, शास्त्रों व परमात्मा के विभिन्न अवतारों से प्राप्त होने वाले शिक्षाओं, प्रेरणाओं उपदेशों को मात्र अपनी कमियों को छुपाने के लिए ढाल ही न बनाये बल्कि अपने जीवन में उतारकर कल्याणमय मार्ग पर आगे बढ़ें। और मानव जीवन की सार्थकता मात्र पशु तुल्य अपने तक ही सीमित रहने में नहीं अपितु किसी के काम आने में है। ईश्वर कृपा से प्राप्त धन, बल, पद, सामर्थ्य प्राप्त आदि का भोग या उपयोग ही नहीं बल्कि सदुपयोग करना चाहिए। पाँच कर्म इन्द्रियां व पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ इन दसों इंद्रियों को चाहे सांसारिक कर्तव्यों के पालन में लगाएं लेकिन एक मन को जो कि परमात्मा की ही अमानत है उसे उसके सिमरन भजन में लगाना चाहिए। संग का भी जीवन में सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। संग अच्छा करना चाहिए, भोजन भी सात्विक, संयमित, संतुलित ही ग्रहण करना चाहिए। थोड़ी सी विषमता होने पर घर परिवार व समाज में अशांति पैदा हो जाती है, लेकिन भगवान शंकर तो इतनी विविधताओं, विषमताओं यहाँ तक कि एक दूसरे के स्वभाविक शत्रुओं को समेट कर बैठे हैं। इन विविधताओं व विषमताओं के बावजूद उनके परिवार में आपसी प्रेम और सदभाव बरकरार रहता है। इससे पूर्व यहाँ पधारने पर श्री महाराज का भक्तों ने भव्य स्वागत किया।श्री महाराज जी के दर्शनों के लिए लगातार भक्तों का ताँता लगा रहा।

# निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सुचारू संपादन हेतु पीठासीन व मतदान अधिकारियों को द्वितीय प्रशिक्षण पंतनगर विश्वविद्यालय के गॉधी हॉल में दिया गया, जिन्हें मास्टर ट्रेनरों द्वारा दो पालियों में सैद्धान्तिक एवं ईवीएम व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय प्रशिक्षण के अंतिम दिवस मंगलवार को दो पालियों में रूद्रपुर विधानसभा के कुल-1150 पीठासीन व मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी से सम्पन्न कराने के लिए सभी कार्मिक सौंपे गए कार्यो एंव दायित्वों का बखूबी निर्वहन करना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़े सभी कार्मिक तटस्थ होकर कार्य करेंगे तथा मतदान पार्टियां अपने ही बूथ पर ही रात्रि विश्राम करेंगे व किसी का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिकायत क्षम्य नही होगी। मतदान से पूर्व मॉकपोल अनिवार्य रूप से प्रात: 5.30 बजे करायेगें तथा नियत समय प्रात: 07 बजे से मतदान प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि प्रत्येक दो घण्टे में मतदान की सूचना कन्ट्रोल रूम को देना सुनिश्चित करेगें। उन्होने कहा कि पीठासीन अधिकारी अपनी डायरी का अच्छी तरह अध्ययन कर ले साथ ही ईवीएम संचालन में दक्ष हो ले ताकि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा जो भी शंकाए है उनका सामाधान प्रशिक्षण के दौरान ही कर लें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा सभी मतदान अधिकारी अपने-अपने दायित्व को निर्वाहन करेगें व समन्वय स्थापित करते



हुये निष्पक्ष व पारदर्शिता से मतदान कराना सुनिश्चत करेगें। मतदान कर्मी टीम भावना से मिलजुल कर कार्यो को अंजाम दे। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी अभिकर्ताओं की मौजूदगी में मतदान से पूर्व मॉक पोल कराना अनिवार्य है। पीठासीन अधिकारी हस्तपुस्तिका का भलीभांति अध्ययन कर लें। मतदान बूथ में पीठासीन अधिकारी अनुशासन बनाये रखे, शालीनता से व्यवहार करें, ताकि शांतिपूर्ण, निर्वाध मतदान संपन्न हो सकें। सभी कार्मिक अपना भी मतदान अवश्य करेगें। सहायक निर्वाचन अधिकारी रूद्रपुर मनीष बिष्ट ने मतदान कार्मिकों को सम्बोधिकत करते हुये कहा कि निर्वाचन में मतदान महत्वपूर्ण होता है मतदान कराने के लिये मतदान अधिकारियों की अति मतत्वपूर्ण होती है इसलिए सभी मतदान अधिकारी मनोयोग से प्रशिक्षण लेकर दक्ष हो जाये तथा निर्वाध मतदान सम्पन्न कराये। उन्होने कहा कि मतदान स्थलों पर सभी व्यवस्थाये सुनिश्चित कर दी गयी है। सभी मतदान पार्टियां अपने बूथ पर ही रात्रि विश्राम करेगें। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण नरेश दुर्गापाल, परियोजना निदेशक अजय सिंह व मास्टर ट्रेनरों ने सैद्धान्तिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों ने मतदान हेतु सामग्री प्राप्त के तरीके, मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान शुरू करने, मतदान समाप्ति सहित सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी।प्रशिक्षण में नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, परियोजना निदेशक अजय सिंह, नोडल खानपान विपिन कुमार, सहायक नोडल कार्मिक केएस रावत, सहायक नोडल पोस्टल वैलेट सुभाष गुप्ता सहित पीठासीन, मतदान अधिकारी व सम्बन्धित सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहें।




# कांग्रेस अब भविष्य में इतिहास के पन्नों में ही पढ़ी जाएगी : भट्ट

कालाढुंगी। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कालाढूंगी विधानसभा में प्रचार के दौरान सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला कल्याण पर सबसे ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है। यानी देश की आधी आबादी को 27 साल से लटके महिला आरक्षण बिल को लोकसभा और राज्यसभा में पारित कराकर कानून का रूप दिया। पीएन नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण बिल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम दिया है। इस कानून के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिला की भागीदारी 33 प्रतिशत हो जाएगी। यानी महिलाएं राजनीति में प्रवेश कर अपनी बात लोकसभा और विधानसभाओं में मुखर होकर उठा सकेंगी। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के लिए बहुत सी कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। पहली बार मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए उनकी आर्थिक रूप से मदद की जाती है। महिला समृद्धि योजना के अंतर्गत महिलाओं को 1.40 लाख रुपये तक का लोन आसानी से मिल जाता है। लोन पर महिलाओं को ब्याज पर छूट दी जाती है। इस योजना का लाभ ऐसी महिलाओं को दिया जाता है जो पिछड़े वर्ग से संबंधित हो या जिनकी सालाना आय तीन लाख रुपये से कम हो। अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्भवती महिलाओं के लिए मातृ वंदना योजना लागू की है। इस योजना के तहत सरकार गर्भवती महिलाओं को 6,000 रुपये की आर्थिक मदद दे रही है। सरकार यह पैसा सीधे महिलाओं के बैंक खाते में भेजती है। सिर्फ पात्र महिलाओं को यह पैसा मिलता है। इस योजना की शुरुआत सरकार ने कुपोषित बच्चों के पैदा होने की समस्या को ध्यान में रखकर की है। सरकार 6000 रुपये बच्चों की देखभाल और बीमारी की रोकथाम के लिए इस्तेमाल करने के लिए देती है। इस योजना के लिए गर्भवती महिलाओं की आयु 19 साल से कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए स्टैंडअप इंडिया योजना 5 अप्रैल 2016 को शुरू की गई। इस योजना का मकसद जमीनी स्तर पर उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर आर्थिक सशक्तीकरण और रोजगार सृजन करना है। इस योजना का 2025 तक विस्तार किया जा चुका है। अपना कारोबार शुरू करने और विनिर्माण, सेवा और व्यापार क्षेत्र और कृषि से जुड़े उद्यम लगाने में अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला उद्यमियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए यह योजना शुरू की गई थी। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए 1 मई 2016 में शुरू की गई थी। इस योजना का मकसद चूल्हों में लकड़ी जला कर और कोयला जलाकर खाना बनाने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था। यानी ग्रामीण और शहरी दोनों इलाके में रहने वाले बीपीएल परिवारों को इसका फायदा मिल सके। प्रधानमंत्री ने 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना शुरू की इस योजना का उद्देश्य बालिका लिंग अनुपात में कमी को रोकना और महिलाओं के सशक्त बनाना रहा है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि देश में जो भी महिलाएं सिलाई–कढ़ाई में रूचि रखती हैं उनके लिए केंद्र की मोदी सरकार ने मुफ्त सिलाई मशीन योजना की शुरूआत की है। इस योजना का लाभ देश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए शुरू की गई योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। जो एक–एक रुपये के लिए परिवार पर निर्भर रहती थी वो आज अपना कारोबार कर रही हैं। इसलिए देश की आधी आबादी का आशीर्वाद पीएम मोदी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भविष्य में इतिहास के पन्नों में ही पढ़ी जाएगी, क्योंकि देश को लूटने वालों को देश की जनता अब कभी सत्ता नहींदेने वाली है। इसलिए मतदाता अपना मत भाजपा के पक्ष में करें और राष्ट्र निर्माण का हिस्सा बनें। इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत, भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट , वरिष्ठ भाजपा नेता महेश शर्मा, अलका जोशी, हेमा बिष्ट शाहिद सैकड़ो लोग मौजूद थे।








## वरिष्ठ व दिव्यांग जनों ने डाले वोट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के 408 और 185 दिव्यांग मतदाता ने दिए घर से अपने मताधिकार का उपयोग किया। नोडल अधिकारी मीडिया नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि आज विधानसभा रामनगर में 58, लालकुआं में 72, हल्द्वानी में 50, कालाढूंगी में 113, भीमताल में 90 और नैनीताल में 25 बुजुर्ग मतदाताओं ने पोस्टल बैलट से वोट दिया।वहीं विधानसभा रामनगर में 55, लालकुआं में 32, हल्द्वानी में 20, कालाढूंगी में 10, भीमताल में 48, और नैनीताल में 20 दिव्यांग मतदाताओ ने घर से पोस्टल बैलट से मत दिया।




## हाईकोर्ट ने भवाली में पेयजल संकट का लिया स्वतः संज्ञान

नैनीताल। हाईकोर्ट ने भवाली में पानी की समस्या को लेकर अधिवक्ता राहुल कंसल के पत्र का स्वतः संज्ञान लिया है। जनहित के रूप में सुनवाई के बाद अधिवक्ता राहुल कंसल से कहा है कि समस्या से संबंधित वर्तमान फोटोग्राफ फिर से शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत करें। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार अधिवक्ता राहुल कंसल ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजा था। जिसमें कहा था कि भवाली शहर पानी की समस्या से जूझ रहा है। पहले शहर में दो समय पानी आता था फिर उसे एक समय कर दिया। अब दो दिन में एक बार पानी आ रहा है। जिसकी वजह से लोगों को काफी समस्या उठानी पड़ रही है। भवाली में पानी की सफ्लाई बोरिंग व शिप्रा नदी से होती है, लेकिन नगर पालिका भवाली की ओर से नदी की सतह पर कंक्रीट किया जा रहा है। जिससे नदी में पानी नहीं रुक रहा है। पत्र में यह भी कहा कि जल संस्थान ने श्यामखेत व अन्य जगहों पर प्राइवेट लोगों को बोरिंग करने की अनुमति दे दी है। जिसकी वजह से नदी में पानी नहीं आ रहा है और शहर में पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। पत्र में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि शहर में पानी की नियमित सप्लाई की जाए। जल संस्थान द्वारा प्राइवेट लोगों को दिए जा रहे बोरिंग की अनुमति पर रोक लगाई जाए।

## धूमधाम से मनाया मां हंसेश्वरी भारती जी का जन्म दिन, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वर्ग फार्म वाली देवी जी मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज का जन्म दिन आदर्श कालोनी स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ सप्ताह के विश्राम के उपरांत हवन पूजन और भजन कीर्तन हुआ। इस दौरान मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगली कुटिया से पहुंची संत श्री प्रेमनिष्ठानंद जी महाराज तथा हरी धाम बालाजी मंदिर शारदा कालोनी के महंत मनीष सलूजा व पांच मंदिर के शास्त्री जी ने मां हंसेश्वरी भारती जी को जन्म दिन का माल्यार्पण कर उन्हें जन्म दिन की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी माताजी को जन्म दिन की बधाई देते हुए उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय हो गया।














# धूमधाम से किया हिंदू नव वर्ष का स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संस्कार भारती रुद्रपुर द्वारा हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का स्वागत धूमधाम से ढोल को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी, मिठाइयां बांटी और सबके माथे पर तिलक लगाकर अपने भारतीय नववर्ष को मनाने अवसर पर संस्कार भारती परिवार के सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्षोल्लास से भाग लिया ।कार्यक्रम में मनोज गर्ग, राजेश श्यामपुरिया, मोती प्रसाद साहू, श्याम मोहन कांडपाल, रश्मि रस्तोगी, ममता त्रिपाठी, शालनी बोरा,





नगाड़ों के साथ किया गया। भगत सिंह चौक से लेकर बाटा चौक तक सभी दुकानदारों और रास्ते पर चलने वाले ,बाजार में सामान खरीदने वाले सभी लोगों के लिए सबको प्रेरित किया। संस्कार भारती महानगर इकाई के अध्यक्ष कुशल अग्रवाल के नेतृत्व में नव वर्ष का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विमल मेहरा, कुशल अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, युवराज रघुवंशी, प्रदीप अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, संजय ठुकराल, शैली बंसल, अशोक सागर, माही सकलानी, अलका अरोरा, विजय कक्कड़, ललित गोयल, सचिन गुंबर, प्रमोद मित्तल, मनीष मित्तल, अंकित चांदना आदि हिंदू प्रेमी उपस्थित रहे।

# रूद्रपुर डिपो में श्री अखण्ड पाठ का प्रारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड परिवहन निगम रूद्रपुर डिपो के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सर्वसमाज की खुशहाली की कामना को लेकर डिपो परिसर में आज प्रात: श्री अखण्ड पाठ साहिब का शुभारम्भ किया गया। जिसका समापन 12 अप्रैल को प्रात: 10 बजे किया जायेगा। जिसके



पश्चात अटूट लंगर वितरित किया जायेगा। आयोजकों ने सभी से 12 अप्रैल को डिपो के नये परिसर में पहुंचकर लंगर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक केएस राणा, बलदेव सिंह, जोगेन्द्र सिंह, दीदार सिंह, प्रीतविन्दर सिंह, मनिन्दर सिंह,नन्द सिंह, हरदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह व गगनदीप सिंह आदि थे।

# चुनाव प्रचार में बताई भाजपा सरकार की उपलब्धियां

गदरपुर(उद संवाददाता)। विधानसभा के ग्राम रामजीवनपुर नं. 3 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष मुनि भुसरी द्वारा आयोजित 'नुक्कड़ सभा' का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के पक्ष में मतदान को लेकर सभा में बात कही गई। इस



दौरान भाजपा की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई इसके पश्चात ग्राम में डोर टू डोर चुनाव प्रचार कर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने ग्राम वासियों को मतदान के दिन मतदान करने को कहा और भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को वोट कर एक ईमानदार सरकार बनानी है उन्होंने कहा 19 अप्रैल को मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री रवि पाल,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा अभिषेक गुंबर,मंडल महामंत्री अनिल जेटली, अभिषेक वर्मा, समन मुंजल, प्रियांशु गुप्ता, शोभित हुड़िया, चिराग अनेजा, मनीष सेतिया सहित सम्मानित पदाधिकारी एवं देवतुल्य जनता उपस्थित रही।

# भाजपा सरकार में सभी वर्गों का हो रहा कल्याण: रामपाल

## दिव्यांगजनों ने लिया भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा चुनाव कार्यालय में आयोजित दिव्यांग प्रकोष्ठ की बैठक जिला संयोजक हरीश चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में दिव्यांगजनों ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने महिला, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति, दिव्यांगों सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया है। सरकार ने "सबका साथ सबका विश्वास" के मंत्र के आधार पर समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर चलने का प्रयास किया है। भाजपा सरकार में दिव्यांगों को खेलों के साथ साथ सरकारी नौकरियों में भी अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को दस प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित



जाति, जनजाति वर्ग और दिव्यांगों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। पहले इन सभी वर्गों के कल्याण की बात सिर्फ कागजों में ही होती थी। अब मोदी सरकार में सभी के कल्याण के लिए धरातल पर काम हो रहा है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनिल चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों के बीच समानता के भाव के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जिस तरह से विश्वास करते हुए दो बार देश के शासन की बागडोर सौंपी , उसी तरह इस बार भी देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी को पुन: प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हरीश चौधरी ने कहा कि दिव्यांगों के हित भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है। दिव्यांगों के हित में सबसे अधिक फैसले भाजपा सरकार ने ही लिये हैं। भाजपा सरकार की नीतियों के चलते ही आज दिव्यांग खिलाड़ी देश विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होनें कहा कि दिव्यांग जन इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में खुलकर मतदान करेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता राम प्रकाश गुप्ता, सुनील बाबा, प्रमोद शर्मा, भुवन गुप्ता, बबलू सागर, विनय विश्वास, किरन विर्क, अक्षय भारद्वाज, कमाल हसन, आलोक तिववारी, सुनील शर्मा, गौरव नारंग, मनीषा नारंग, मोना, किशन, हिम्मत राम कोली,कौशल, पूरन सिंह, देवकी नंदन कोली, प्रेम, विशम्भर, विकास, अविनाश अधिकारी, संजय ढाली, सुभाश्री मंडल आदि लोग मौजूद थे।

# झूलेलाल जयंती व नव संवत्सर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिंधी समाज के ईश्टदेव भगवान झूलेलाल जी वरूण देव जल के अवतार एवम हिन्दू नववर्ष पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। ज्योति प्रज्वलित समाज के सभी पदाधिकारियो ने ज्योति प्रज्वलित की। महिलाओ द्वारा डांडिया नृत्य एवम भजन-कीर्तन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सिंधी समाज के नन्हे मुन्ने बच्चो द्रारा भजन-कीर्तन और संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। दोपहर सहभोज के बाद कोटा राजस्थान से आयी लखमीचनद्र एन्ड पार्टी ने भगवान राम, भगवान शंकर, भगवान हनुमान व झूलेलाल की भव्य झाँकी प्रस्तुत की और भजन-कीर्तन किया। शाम महाआरती की गयी और देश के कल्याण की एकता अखण्डता के लिए प्रतिज्ञा ली गई। तत्पश्चात बैन्ड बाजो के साथ झूलेलाल महाराज के मन्दिर स्थान से छट पुजा स्थल रामपुर रोड पर ज्योति विसर्जन मन्त्र के साथ समाज के सभी महिलाओ पुरुष बच्चो ने किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान निवर्तमान सांसद अजय भट्ट, लालकुआ विधायक मोहन सिंह बिष्ट, श्रीमति रेनु आधिकरी, हरिमोहन अरोडा ने झूलेलाल जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सिन्धी समाज के अध्यश देवानंद सिन्धी एवम महामंत्री तरूण तेजवानी ने सभी मेहमानो का पटका पहना कर स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम में अनिल आसवानी, शंकर सिन्धी,कन्हैयालाल मुलानी,शैलेश तलरेजा, अशोक सिंधी, नरेश सजवानी, मनीष केशवानी, गोतम तेजवानी, केतन तेजवानी आदि लोगो ने योगदान प्रदान किया।





# कांग्रेस कुमाऊं प्रवक्ता ने नीरज ने की समीक्षा बैठक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नीरज तिवारी प्रवक्ता कुमाऊं मण्डल ने गुनीपुर जीवानंद न्याय पंचायत में कार्यकर्ताओं संग समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा लोकसभा चुनावों के मद्देनजर प्रत्येक बूथो की मजबूती कर समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ग्राम सभा स्तर पर प्रचार प्रसार हेतु जिम्मेदारियाँ दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामी, महँगाई,भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अंकिता भंडारी, जनताके साथ वादाखिलाफी जैसे प्रमुख मुद्दे प्रकाश जोशी की जीत सुनिश्चित करेंगे।



तिवारी ने कहा नैनीताल जिले में पहाड़ी क्षेत्रों के साथ-साथ सम्पूर्ण भाभर क्षेत्र में कांग्रेस की लहर देखने को मिल रही है। कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को सभी उम्र के मतदाताओं का साथ और आशीर्वाद मिल रहा है। इस दौरान हरेंद्र चौरसिया, देवेंद्र बिष्ट, गणेश भंडारी, कुबेर सिंह निगलटिया, भानु पड़लिया, हेमु पड़लिया, दान सिंह तड़ागी, भुवन निगलटिया, राजा निगलटिया, किशन पांड, चेतन जोश, हरीश पांडे, उमेश जोशी,कमल भट्ट,रजतपड़लिया,वेदान्श भट्ट, मनु सनवाल आदि उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अभिव्यक्ति की आजादी

संवाद और संचार के संसाधनों के रूप में सोशल मीडिया मंचों के विस्तार के साथ-साथ एक समस्या यह उभरी है कि उस पर अभिव्यक्तियों को किस रूप में देखा जाए। कई बार यूट्यूब, फेसबुक, एक्स जैसे सोशल मीडिया मंचों पर किसी मसले को लेकर जाहिर की गई राय को आपत्तिजनक सामग्री के तौर पर देखा और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। मगर फिर सवाल उठा कि अगर स्वतंत्र मंचों पर जाहिर किए गए विचारों को इस तरह बाधित किया जाएगा तो अभिव्यक्ति के अधिकार का क्या मतलब रह जाएगा।फिर ऐसे आरोपों में लोगों को गिरफ्तार करने की प्रक्रिया एक चलन बनी, तो यह कहां जाकर थमेगा? सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के एक मामले में साफ कहा कि अगर चुनाव से पहले हम यूट्यूब पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को सलाखों के पीछे डालना शुरू कर देंगे, तो कल्पना कीजिए कि कितने लोगों को जेल होगी। अदालत की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब पिछले कुछ समय से आशंका जाहिर की जा रही है कि सरकारें सोशल मीडिया पर चलने वाली कुछ अवांछित गतिविधियों और झूठी खबरों की आड़ में आलोचना के सभी स्वरों को बाधित करने की कोशिश कर रही हैं। इससे अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश लगेगा और लोकतंत्र कमजोर होगा।मगर अब शीर्ष अदालत ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए यूट्यूब चौनल चलाने वाले एक युवक को जमानत दे दी है। उस पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरोपी ने विचार की अभिव्यक्ति की आजादी का इस्तेमाल किया और उसने अधिकारों का उल्लंघन नहीं किया है। सच है कि आज सोशल मीडिया पर कई बार कुछ अपरिपक्व लोग अमर्यादित और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं, जिससे किसी की गरिमा का हनन हो सकता है। मगर एक लोकतांत्रिक समाज और शासन में खासकर सरकारों को अधिकतम सीमा तक सहनशील होने की जरूरत है। आलोचना से सरकार को भी अपना रुख सुधारने का मौका मिलता है। जबकि अभिव्यक्ति में अवरोध लोकतंत्र को कमजोर करता है।

# ईद उल फितर कल, हल्द्वानी के बाजार हुए गुलजार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अलविदा माह-ए-रमजान की घड़ी नजदीक आने के साथ ही मंगलवार को घर-घर चांद देखने की रस्म अदा की जाएगी। मंगलवार को चांद दिखा तो ईद-उल-फितर अगले दिन यानी बुधवार को मनाई जाएगी। मुकद्दस रमजान में खुदा की इबादत में मशगूल रहने वाले रोजेदार अब ईद की तैयारियों में जुट गए हैं। ईद के इस्तकबाल के लिए बाजार गुलजार है। ऐसे में बाजार की दुकानें सज चुकी है, जहां पर खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। मुस्लिम समाज में ईद-उल-फितर की तैयारियों के जोर पकडने के साथ ही बाजार में कुर्ते-पायजामा, सेवइयां और ड्राई-फ्रूट्स की डिमांड बढ़ गई है।ईद की सबसे ज्यादा तैयारियों में घर की महिलाएं व्यस्त है। जो घर की साफ-सफाई से लेकर बच्चों के लिए खरीदारी कर रही हैं। जहां महिलाएं नए सूट्स, चूडियां, ज्वैलरी, मेकअप और घर सजाने का सामान खरीदने में मशगूल है। वहीं पुरुष बच्चों के लिए ट्रेडिशनल कुर्ते-पायजामा, सेवइयां, मिठाइयां और कुछ स्पेशल तोहफे भी खरीद रहे हैं।सुबह से शाम तक बाजारों में खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है। दुकानों पर विशेषकर कपड़ा, टोपी, रुमाल, इत्र, जूते-चप्पल, चूड़ी की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है। लाइन नंबर चोर गलिया रोड, लाइन नंबर 17, ईदगाह रोड सहित बाजार देर रात खुले रहे। इतना ही नहीं बंजारान मस्जिद के बाहर टोपियां खरीदने के लिए भी काफी भीड़ जुटी रही। ईद की पूरी तैयारियां पूरी हो चुकी है। रमजान के बाद गुरूवार को ईद की नमाज मीरा मार्ग स्थित जामा मस्जिद में 9 बजे होगी जहां पर शहर इमाम मौलाना मोहम्मद आजम कादरी,



वहीं ईदगाह में साढ़े नौ बजे मौलाना वासित, नई बस्ती स्थित मस्जिद आस्ताना जहागीरी में साढ़े आठ बजे मौलाना मुफ्ती जाबिर खान, मस्जिद चिराग अली शाह बाबा में 8 बजे मौलाना हयातुल्लाह खान अता कराएंगे। वहीं जलाल शाह बाबा में सवा आठ बजे, मस्जिद कसावान में सवा आठ बजे, इंदिरा नगर बड़ी मस्जिद में साढ़े आठ बजे, ताज मस्जिद में 8 बजे, मस्जिद अक्कानी में पौने आठ बजे, मस्जिद गफ्फारी में 9.45 पर, मस्जिद बिलाली में साढ़े आठ बजे अता की जाएगी।

# ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी ने दवा विक्रेताओं को बताए नियम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट द्वारा दवा व्यवसायियों की एक बैठक को संबोधित किया गया। बैठक वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट और केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन हल्द्वानी के पदाधिकारीगण एवं हल्द्वानी के प्रधनमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालकों के साथ आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक द्वारा समस्त प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालकों को बताया गया कि उनके द्वारा सिर्फ बीपीपीआई कि दवाएं ही सेल और परचेज की जा सकती है। प्रधनमंत्री जन औषधि केंद्रों में बीपीपीआई के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की अन्य ब्रांडेड जेनेरिक या अन्य एलोपैथिक दवाइयां की बिक्री नहीं कर सकते हैं और यदि किसी भी जन औषधि केंद्र में बीपीपीआई की दवाओं के अलावा ब्रांडेड जेनेरिक दवाइयां या अन्य प्रकार



की एलोपैथिक दवाइयां हैं तो उसे अविलंब वापस करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा अगर किसी भी प्रधनमंत्री जनऔषधि केंद्रों की दुकानों में अन्य ब्रांड की दवाइयां पाई जाती हैं तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही खरीद बिक्री और एक्सपायर दवाओं को लेकर उन्होंने कहा कि सभी दवा कारोबारी अपनी दुकानों में बैचवाइज दवाओं की खरीद और बिक्री को मेंटेन करें एवं एक्सपायरी दवाओं के लिए एक अलग से रैक बनाकर व्यवसाय करें। वहीं केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालकों को बीपीपीआई से दवाइयों की पूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है जिससे सभी संचालकों के आगे रोजी-रोटी का संकट छा गया है। हम बीपीपीआई के अधिकारियों से अपील करते हैं कि दवाइयों की सुचारू रूप से पूर्ति करवाएं। बैठक में अध्यक्ष गोपाल अधिकारी, महामंत्री संदीप जोशी, कोषाध्यक्ष गिरीश जोशी, उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, सहसचिव भारती राठौर, सहित सभी प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र संचालक मौजूद थे।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मंगलवार को चौकी शक्तिफार्म, सितारगंज क्षेत्रांतर्गत अभियुक्त सपन बैरागी पुत्र गनेश बैरागी निवासी बरुवाबाग झाड़ी गाँव 9 शक्तिफार्म को 31 पाउच कच्ची अवैध शराब में लखखा पुल के पास गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी, भारत भूषण, देवेंद्र कन्याल आदि शामिल थे।



# दिव्य ग्रंथ में है मंत्रों का खजाना, कलयुग में उपासना फलदाई

## मां को प्रसन्न करने का सर्वोत्तम साधन दुर्गा सप्तशती का पाठः शास्त्री

काशीपुर(उद संवाददाता)। पौराणिक शिव गौरी मंदिर के पुजारी पंडित विशाल शर्मा शास्त्री बताते हैं कि हमारे सनातन धर्म में नव वर्ष की शुरुआत चैत्र शुक्ल पक्ष से होती है और इस नव वर्ष के आरंभ में ही नौ दिन की विशेष शक्ति साधना की जाती है। जिसे सनातन धर्म में सभी आम जनमानस नवरात्रि के रूप में जानते हैं और भगवती दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए नवरात्रि में सर्वोत्तम साधन है श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ। दुर्गा सप्तशती के पाठ में कहा गया है (कलौ चंडी विनायको) यानी कलयुग में गणपति और मां दुर्गा की उपासना शीघ्र और सर्वोत्तम फलदाई है। इस ग्रंथ में 13 अध्याय हैं जिसमें भगवती दुर्गा ने असुरों का वध किस प्रकार से किया और देवताओं ने कैसे भगवती को प्रकट किया और प्रसन्न किया यही सारी कथाएँ हैं। इस दिव्य ग्रंथ में मंत्रों का खजाना है। विभिन्न



प्रकार की कामनाओं को सिद्ध करने के लिए विशेष मंत्र भी इसी ग्रंथ में दिए गए हैं। यदि आप चाहते हैं कि आपका नव वर्ष आनंदमय रहें और प्रत्येक मनोरथ आपके सिद्ध हो वा जीवन में आने वाले संकट और समस्याओं का निवारण हो तो नवरात्रि के पावन समय में प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का पाठ अवश्य करना चाहिए या किसी योग्य विद्वान ब्राह्मण को बुलाकर संपुटित दुर्गा सप्तशती का पाठ कराना चाहिए। अनौपचारिक मुलाकात के दौरान उत्तरांचल दर्पण हिंदी सांध्य दैनिक के प्रभारी मनोज श्रीवास्तव से बातचीत करते हुए पंडित विशाल शर्मा शास्त्री ने कहा कि आजकल भागदौड़ भरे जीवन में पाठ और साधना के लिए लोगों के पास समय का आभाव है इसलिए नवरात्रि में प्रतिदिन यदि इस मंत्र का जाप कर लिया जाए तो भी भगवती की विशिष्ट कृपा विशेष कृपा प्राप्त होगी मंत्र -( सर्व स्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्ति समन्विते। भयेभ्यस्त्राहि नो देवी दुर्गे देवी नमोस्तुते।। ) कम से कम 108 बार इस मंत्र को प्रतिदिन जपना चाहिए।

# भाजपा प्रत्याशी के लिए घर घर जाकर मांगे वोट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सिंह कालोनी में डोर टू डोर



जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में भारी मतदान की अपील की। चुनाव प्रचार के दौरान रामपाल सिंह ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने दस साल के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले लेकर देश को नई ताकत के रूप में आगे बढ़ाने का काम किया है। देश की 130 करोड़ जनता ने नरेंद्र मोदी पर भरोसा किया और इस भरोसे ने 2014 से 2024 के बीच देश में शांति समृद्धि और विकास की स्पीड भी दिखाई। भाजपा लोककल्याण के बारे में सोचती है जबकि कांग्रेस सिर्फ अपने परिवार के लिए सोचती है। केन्द्र सरकार ने युवा, किसान, व्यापारी, महिलाओं सबके हित में योजनाएं बनाई हैं जिनका लाभ आज हर वर्ग को मिल रहा है।पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित कई योजनाएं हैं जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, गरीब कल्याण योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना समेत तमाम ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ लेकर लोग आत्मनिर्भर हो रहे है। मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों के चलते आज हौंसल पस्त हो चुके हैं। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में जो ऐतिहासिक कार्य हुए हैं उनकी बदौलत इस बार प्रदेश फिर भाजपा पांचों सीटें जीतकर हैट्रिक बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता चार सौ पार का नारा लेकर घर घर प्रचार कर रहा है। निश्चित ही आने वाली 4 जून को देश में एक बार फिर भाजपा का परचम लहरायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश सिंह, रोशन अरोड़ा, दिलीप सिंह मक्कड़, बूथ अध्यक्ष, हीरा बल्लभ पांडेय, आदेश राणा, वरुण गहलोत, दिलप्रीत सिंह, अनिल छाबड़ा, संजय कुमार, हरीश कुमार, शक्ति केंद्र संयोजक तरुण गहलोत, नरेश राजपूत, पार्षद सुशील चौहान, अंबर सिंह सतपाल गंगवार प्रशांत शरण बाजपेई, प्रशांत सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, हुकुम सिंह, वीरेंद्र सिंह, संजय, खूब सिंह, हरपाल सिंह गहलोत, शिवकुमार शिब्बू, दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हरीश चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सितारगंज(उद संवाददाता)। सेवा संकल्प एवं आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में माँ-बेटियों को जोड़ने का उद्देश्य रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक प्रमुख कमलजीत कौर और प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। उजास कार्यक्रम के अंतर्गत ष्मासिकधर्म एवं स्वास्थ्य संबंधितष और मिथक को दूर करने की जानकारी दी गई। जहां विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं और उनकी माताओं और शिक्षकों को जागरूक किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मासिकधर्म, महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए साफ सफाई और खान-पान के महत्व के विषय में सेवा संकल्प की महिला सचिव सुश्री सुखप्रीत कौर, वरिष्ठ सदस्य अनीता सूद, राष्ट्रीय समन्वयक फंड रेजिंग इवेंट लवलीन छाबड़ा, और




स्वयं सेवक शृष्टि और पूजा द्वारा उपस्थित बच्चियों एवं माताओं ,आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की अन्य महिलाओं को संबंधित विषय पर जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ समन्वयक श्री सारिपुत्र कामबले और उजास के जूनियर परियोजना समन्वयक श्री अतुल साथर भी मौजूद रहे। जागरुकता कार्यक्रम के द्वारा प्रतिभागी छात्रों ने अपने अनुभव बांटे और कहा कि इस प्रकार की जानकारी कभी किसी स्कूल में नहीं दी गई अब हम सभी को एक रास्ता दिखा कि यदि हमारे साथ पढ़ने वाली कोई लड़की या घर पर माँ, बहन या बाहर कोई भी महिला अपनी समस्या के साथ दिखे, तो हम उसकी उचित मदद कर सकते हैं। ब्लॉक प्रमुख कमलजीत कौर और प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख ने आमंत्रितों का स्वागत किया। उन्होंने यह भी बताया कि यह विषय स्कूलों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम का संचालन एकेडेमिक कोऑर्डिनेटर उत्तम तिवारी ने किया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य सीमा जोशी, सुखवंत कौर, गीता तिवारी, अनुपमा दुबे, मनीषा रावत, पूजा जोशी, मेघा, एकता रौनक, सिमरन आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा शराब तस्कर

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से नजर बनाए हुए हैं। पुलिस अब तक दर्जनों शराब तस्करों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में शराब बरामद कर चुकी है। इसी क्रम में कालाढूंगी पुलिस भी पूरी मुस्तैद नजर आ रही है। कां. रूचि दत्ता अन्य महिला सिपाहियों के साथ जिम कार्बेट चौराहा कालाढूंगी पर चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक सवार चौकिंग के दौरान सकपका उठा। जब बाइक सवार की तलाशी ली गई तो उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।





# चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है..पांच मंदिर में गूंजे माता के भजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्रि पर्व के प्रथम दिवस पर नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा द्वारा माता का अर्द्धरात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें आमंत्रित भजन गायक कलाकारों द्वारा मां के भजन सुनाकर सारा वातावरण मां के जयघोषों से गुंजायमान कर दिया। सभी भक्त तालियां बजाते हुए मां की महिमा का गुणगान करते रहे। इससे पूर्व मंदिर के पुजारी महंत राजीव कक्कड़ द्वारा जजमान रोहित गोयल व साक्षी गोयल परिवार से विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। सर्वप्रथम अमित अरोरा व रमेश राठौर द्वारा गुरू वंदना, मां का आहवान, गणेश वंदना के साथ फूलों की वर्षा कराई गई। तत्पश्चात आमंत्रित भजन गायिका मुरादाबाद से आई शिल्पी कौशिक ने भजनों की लड़ी प्रारम्भ करते हुए कई सुन्दर भजन सुनाये। उन्होंने तूफानों ने घेरा फिर भी नाव चली, जय बजरंग बली, जय बजरंग बली, राम लक्ष्मण जानकी, जय बोलो हनुमान की, बच्चों ने हिलमिल कर ज्योति जलाई है अब आ भी जाओं मा क्यों देर लगाई है?, तेरा दर्शन करके मां मन शीतल हो जाये। उन्होंने भोले की बारात का भजन सुनाकर उपस्थित भक्तों को झूमकर नाचने को मजबूर कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर महेश बब्बर, ओमप्रकाश अरोरा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा, विजय विरमानी, राजेश छावड़ा, गौरव तनेजा, चिराग कालड़ा, अमित चावला, शिवम जग्गा, रोहित जग्गा, राजन राठौर, आनन्द कुमार, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, हरीश अरोरा, विजय जग्गा, शशि अरोरा, सीमा टुनेजा, पिंकी ग्रोवर, दीपक अरोरा, सोनिया अरोरा, किरन जग्गा, सोनिया सुखीजा, साक्षी सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजेन्द्र खनीजो, बब्बा आनन्द, सनी सुखीजा, हैप्पी छावड़ा, मुकेश अग्रवाल, सचिन मुंजाल, दीपक चौधरी, अमन ठुकराल, सोनू वर्मा, सुरेश जग्गा आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

# स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंगलवार को सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार व रिटर्निंग आफिसर उदयराज सिंह ने बगवाड़ा में स्ट्रांग रूम मतदान हेतु तैयार की जा रही ईवीएम मशीनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने स्ट्रांग रूम परिसर पर पैनी नजर रखे हुए लगे सीसी टीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम परिसर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिये। रिटर्निंग आफिसर उदयराज सिंह ने बताया कि मतदान हेतु विधानसभावार ईवीएम मशीनें तैयार की जा रही है जो अंतिम चरण में है। सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विधानसभा वार आवंटित वीयू, सीयू व वीवी पैट का मिलान करते हुये मशीनों को मतदान हेतु तैयार कर टैगिंग कार्य किया जा रहा है।



उन्होने बताया कि मतदान दिवस के दिन प्रत्येक सैक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक-एक ईवीएम विशेषज्ञ तैनात किया जायेगा साथ ही ईवीएम विशेषज्ञों की विधानसभा वार टीमें भी लगाई जायेगी ताकि ईवीएम मशीनों में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर त्वरित निस्तारण किया जा सकेगा। उन्होने बताया कि सखी बूथों पर सभी महिला मतदान अधिकारी लगायी गयी है, उनकी किसी प्रकार की सहायता के लिये एक पुरूष कार्मिक भी रिजर्व में रखा गया है। उन्होने बताया स्ट्रांग रूम परिसर में पैनी नजर रखने हेतु 160 सीसी टीवी कैमरें लगाये गये है जिनका कन्ट्रोल रूम मंडी सचिव कार्यालय कक्ष में स्थापित किया गया है। सामान्य प्रेक्षक ने सीसी टीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरानद मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, उप निदेशक मंडी निर्मला बिष्ट, सीओ निहारिका आदि मौजूद थे।

# जिला बार एसोसिएशन के दस पदों के लिए 33 नामांकन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन ऊधमसिंह नगर की वर्ष 2024-2025 हेतु चुनाव कार्यक्रम में नामांकन के दूसरे दिन तक कुल 10 पदों के लिए 33 अधिवक्ताओं द्वारा नामांकन प्रस्तुत किये गये। मुख्य चुनाव अधिकारी सीपी जोशी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए दिवाकर पाण्डेय, प्रीतम लाल, वीरेन्द्र कुमार गोस्वामी व संजीव फौगाट ने, उपाध्यक्ष पद के लिए अखलाक अहमद, कृष्ण चन्द्र, धर्मेन्द्र शर्मा, इन्द्रजीत सिंह बिट्टा ने, उपाध्यक्ष कलेक्ट्रेट पद के लिए विष्णु कुमार मंडल व शिव कुमार शर्मा ने, सचिव पद के लिए आरएस रावत, सर्वेश कुमार सिंह व जसवंत सिंह ने, उप सचिव पद के लिए हरप्रीत सिंह, विकास तिवारी, हरवंश लाल व गिरीश चतुर्वेदी ने, कोषाध्यक्ष पद के लिए पावेल कठायत व सर्वेश बाबू ने, लेखा परीक्षक पद के लिए आशीष त्रिपाठी व गिरीराज कुमार ने, पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए प्रणवेश कुमार, गोविंद लाल व गौरव मिडढ़ा ने, वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के लिए अमित छावड़ा, अखिलेश कुशवाहा, इन्द्रजीत, श्रीमती माया शर्मा व श्रीमती ऊषा गक्खर ने तथा कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के लिए जयप्रकाश गंगवार, संजीत बढ़ई, विश्वजीत विश्वास, परविन्दर सिंह ने नामांकन प्रस्तुत किये। उन्होंने बताया कि आज नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। जबकि 15 व 16 को नामांकन पत्रों की वापसी की जा सकेगी। 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक मतदान किया जायेगा। मतगणना 25 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से होगी।

# ईद पर शांति व्यवस्था के लिए कोतवाल ने ली बैठक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ईद पर शांति व्यवस्था के लिए कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने ली। उन्होंने ईद का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। इस अवसर पर कुछ समस्यायें भी उठी। बैठक में एसएसआई केसी आर्या के अलावा संबंधित चौकी प्रभारी समेत मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सभी से अमन चैन के साथ ईद का पर्व माने की अपील करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने के दिशा निर्देश दिये।



# वसूली करने वाली महिला पत्रकार और प्रेमी की कातिल महिला पुलिस की पकड़ से दूर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। प्रेमी के कत्ल के आरोप में फरार महिला और एक अधिकारी को ब्लैकमेल कर उगाही करने वाली महिला पत्रकार पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। पुलिस इन दोनों को अभी तक नहीं पकड़ पाई है। महिला पत्रकार पर ईनाम भी घोषित है। वनभूलपुरा हिंसा के अगले दिन गौला बाईपास रोड स्थित आंवला चौकी गेट के पास छिने गांव भोजपुर सिन्हा, बिहार निवासी 25 वर्षीय प्रकाश कुमार सिंह उर्फ अविराज पुत्र श्याम देव सिंह का शव बरामद हुआ था। जब शव मिला तो इसे हिंसा से जोड़कर देखा गया। बाद मे जब खुलासा हुआ तो मामला अवैध संबंध का निकला। जिसके बाद सिपाही वीरेंद्र सिंह उसकी पत्नी प्रियंका, नईम खान समेत पांच लोगों ने मिलकर प्रकाश की हत्या की। वीरेंद्र की पत्नी बंगाल की रहने वाली है ऐसे में उसकी तलाश में वहां भी दबिश दी गई लेकिन उसका कहीं ुराग नहीं लग पाया। इधर सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय विजिलेंस अधिकारी बनकर पहुंचे भूपेंद्र, सुंदर सिंह, सौरभ गाबा और साक्षी सक्सेना ने कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक को ब्लैकमेल किया था जिसके बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन साक्षी पुलिस के हाथ नहीं लग पाई। वह भी तब जब साक्षी पर ईनाम घोषित है।


